

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I" ग्रेड

REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 1 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 1 नवंबर का इतिहास

- **1913 :** स्वतंत्रता सेनानी तारकनाथ दास ने कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को शहर में गदर आंदोलन की शुरूआत की।
- **1950 :** भारत में पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाने में बनाया गया।
- **1956 :** राजधानी दिल्ली केंद्र शासित राज्य बना।
- **1956 :** कर्नाटक राज्य की स्थापना हुई।
- **1956 :** भाषा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य का गठन किया गया।
- **1952 :** जय नारायण राजस्थान के मुख्यमंत्री पद को ग्रहण किया।

## 1 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय और अमेरिकी सेना 15 नवंबर से 2 दिसंबर तक उत्तराखंड के औली में बटालियन स्तर के युद्ध अभ्यास एक्सरसाइज का आयोजन करेगी। प्रत्येक पक्ष के लगभग 350 सैनिक युद्ध अभ्यास एक्सरसाइज में भाग लेंगे। इससे पहले क्वाड के सदस्य जापान में योकोसुका से मालाबार अभ्यास करेंगे। भारत 28 नवंबर से 11 दिसंबर तक राजस्थान में महाजन रेंज में ऑस्ट्र-हिंद पैदल सेना युद्ध अभ्यास भी आयोजित करेगा। अग्नि वारियर अभ्यास 13-30 नवंबर तक भारत और सिंगापुर के बीच महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा।
- रेल मंत्रालय ने निर्देश पर भारतीय रेलवे द्वारा एक मेगा सुरक्षा अभियान शुरू किया। यह अभियान एक महीने तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य अचल संपत्तियों, लोकोमोटिव और रोलिंग स्टॉक के रख-रखाव में किसी भी तरह की कमी को दूर करना और भारतीय रेल से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। अभियान के दौरान मौजूदा प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा और मानवीय पहलुओं की निगरानी की जाएगी।
- दिल्ली का IGI एयरपोर्ट दुनिया के 10 सबसे बिजी एयरपोर्ट में शामिल हुआ। बीते अक्टूबर में यह दुनिया के 10वें सबसे व्यस्त हवाई अड्डे के रूप में उभरा है। वैश्विक यात्रा से संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराने वाली संस्था ऑफिशियल एयरलाइन गाइड ने अपनी लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया, दिल्ली का हवाईअड्डा कोविड-19 महामारी से पहले यानी अक्टूबर 2019 में 14वां सबसे व्यस्त हवाईअड्डा था।
- वर्ष 2021-22 के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्र और उत्पादन का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। सरकार के अनुमान के अनुसार 28.08 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में रिकॉर्ड 342.33 मिलियन टन का उत्पादन होगा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 7.73 मिलियन टन की वृद्धि दर्शाता है।
- दशकों तक स्नान न करने वाले दुनिया सबसे गंदे आदमी अमौ हाजी का निधन हो गया है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार के अपराधों से प्रभावी तरीके से निपटना केंद्र और राज्य सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन हम सीमा पार के अपराधों या सीमा विहीन अपराधों से निपटने में तभी कामयाब हो सकते हैं जब इस पर विचार करने के लिए सभी राज्य एकसाथ बैठें और साझा रणनीति बनाकर उन पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करें।
- भारतीय नौसेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया ने ड्रोन के स्वदेशी विकास, निर्माण और परीक्षण के लिए हाथ मिलाया। ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया समयबद्ध तरीके से ड्रोन प्लेटफार्मों को शामिल करने के लिए एक मजबूत रोडमैप बनाने में भारतीय नौसेना की सहायता करेगा। नेवल इनोवेशन इंडिजिनाइजेशन ऑर्गनाइजेशन का टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एंड एक्सेलेरेशन सेल और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया नेवी और अकादमिक के बीच तालमेल बढ़ेगा। भारतीय ड्रोन उद्योग के लिए एक विशेष समुद्री ड्रोन परीक्षण स्थल विकसित किया जाएगा। यह समुद्री वातावरण में ड्रोन के परीक्षण की सुविधा प्रदान करेगा और ड्रोन के तेजी से विकास का समर्थन करेगा।
- सोनी और जी ने स्वेच्छा से तीन हिंदी चैनलों बिग मैजिक, जी एक्शन और जी क्लासिक को बेचने के लिए सहमति व्यक्त की है, ताकि उनके प्रस्तावित मेगा-विलय सौदे से उत्पन्न होने वाली संभावित प्रतिस्पर्धा विरोधी चिंताओं को दूर किया जा सके। उन्होंने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया थ जिसने कुछ संशोधनों के अधीन सौदे का मंजूरी दे दी है। लेन-देन के लिए अपनी मंजूरी देने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, नियामक ने अपने विस्तृत 58 पृष्ठ के आदेश को सार्वजनिक कर दिया।
- टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर पर पूरी तरह से कंट्रोल कर लिया है। अपने पहले ही फैसले मे उन्होंने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल, कानूनी नीति और ट्रस्ट के प्रमुख विजया गड्डे और मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल को निकाल दिया। इन्हें बाहर का रास्ता दिखाने के बाद एलन मस्क ने अब एक ट्विट भी किया है। माना जा रहा है कि यह ट्विट पराग अग्रवाल को लेकर ही किया गया है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व शाकाहारी दिवस (World Vegan Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 नवंबर (B) 2 नवंबर

(C) 3 नवंबर (D) 4 नवंबर

**(A)** विश्व शाकाहारी दिवस हर साल 1 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व शाकाहारी दिवस के शुरूआत 1 नवंबर 1994 को यूके वेगन सोसाइटी की स्वर्णिम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में और नवंबर 1944 में स्थापित शाकाहारी शब्द का सम्मान करने के लिए की गई थी इस दिवस को पहली बार द ब्रिटिश वेगन सोसाइटी की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए मनाया जगया था। Vegan शब्द का सामान्य नाम Vegetarian से लिया गया है।




**2. हाल ही में किस फिल्म को FIPRESCI ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया है ?**

(A) RRR (B) KGF2

(C) पाथेर पांचाली (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(C)** दुनिया के सबसे महान फिल्मकारों में शुमार सत्यजित रे की आइकोनिक फीचर फिल्म पाथेर पांचाली को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया है। 1955 में आई भारतीय सिनेमा की यह ऐतिहासिक फिल्म मुकाबले में सबसे आगे रही और टॉप 10 की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया।



**3. जैक्सन ग्रीन कंपनी राजस्थान के किस जिले में ग्रीन अमोनिया हाइड्रोजन प्लांट लगाएगी ?**

(A) कोटा (B) अजमेर

(C) नागौर (D) जैसलमेर

**(A)** जैक्सन ग्रीन कंपनी कोटा में 2.8 अरब डॉलर लागत वाला ग्रीन अमोनिया और हाइड्रोजन प्लांट लगाएगा। इसके लिए ग्रुप ने प्रदेश के ऊर्जा सचिव भास्कर एस.सावंत के साथ एमओयू किया है। एमओयू के मुताबिक प्लांट की क्षमता प्रति वर्ष 3,65,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया उत्पादन की होगी। शुरूआत में संयंत्र की उत्पादन क्षमता 15000 टन रहेगी।



**4. भारत में कृषि गणना सबसे पहले कब शुरू की गई थी ?**

(A) 1970-71 (B) 1971-72

(C) 1972-73 (D) 1973-74

**(A)** भारत में कृषि गणना सबसे पहले 1970-71 में शुरू की गई थी। 11वीं कृषि गणना के लिए पहली बार मोबाइल एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डेटा एकत्र किया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कृषि और किसान कल्याण विभाग मानक अवधारणाओं, परिभाषाओं और कार्यप्रणाली का पालन करते हुए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से भारत में कृषि गणना आयोजत करता है।




**5. हाल ही में किस देश ने प्लेन लैंग्वेज एक्ट पारित किया है ?**

(A) न्यूजीलैंड (B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) फ्रांस (D) ऑस्ट्रेलिया

**(A)** न्यूजीलैंड की संसद ने एक कानून पारित किया है जो नौकरशाहों को जनता के साथ संवाद करते समय अकथनीय और जटिल भाषा का उपयोग करने से रोकता है। इस अधिनियम का उद्देश्य लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाना है, विशेष रूप से गैर-देशी अंग्रेजी बोलने वालों, विकलांग लोगों और कम शिक्षित लोगों के लिए।



**6. FIH प्रो लीग 2022-23 के लिए भारतीय हॉकी टीम का कप्तान किसे बनाया गया है?**

(A) हरमनप्रीत सिंह (B) मनप्रीत सिंह

(C) गुरजंत सिंह (D) मनदीप सिंह

**(A)** हरमनप्रीत सिंह को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ प्रो लीग के चाथे सत्र के शुरूआत खेलों के लिए 22 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा और 30 अक्टूबर से स्पेन के साथ खेला जा रहा है।




**7. किस राज्य सरकार ने बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया है ?**

(A) केरल (B) कर्नाटक

(C) तमिलनाडु (D) तेलंगाना

**(A)** केरल सरकार ने बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुंजऐप मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। एप्लिकेशन के माध्यम से बाल शोषण की सूचना दी जा सकती है। कुंजऐप केरल में बच्चों के खिलाफ साइबर अपराधों को रोकने के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन है।



**8. ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) किससे कारण होता है ?**

(A) बैक्टीरिया (B) कवक

(C) वायरस (D) प्रोटोजोआ

**(C)** सीरम इंस्टीट्यूट के अनुसार कोविड-19 पर फोकस के कारण HPV वैक्सीन उत्पादन में देरी हुई है। सर्वाइकल कैंसर का एक बड़ा हिस्सा ह्यूमन पैपिलो वायरस के कारण होता है। यह एक वायरस संक्रमण है जो त्वचा से त्वचा के संपर्क से लोगों में फैलता है। पुरुषों और महिलाओं में इसकी जाँच अलग-अलग होती है।



**9. हाल ही में कोका-कोला का नींबू के स्वाद वाला शीतल पेय स्प्राइट भारतीय बाजार में कितने अरब डॉलर का ब्रांड बन गया है ?**

(A) 1 अरब डॉलर (B) 2 अरब डॉलर

(C) 3 अरब डॉलर (D) 4 अरब डॉलर

**(A)** कोका-कोला का नींबू और नींबू के स्वाद वाला शीतल पेय स्प्राइट भारतीय बाजार में 1 अरब डॉलर का ब्रांड बन गया है। कंपनी ने इस साल की तीसरी तिमाही में अपने भारतीय कारोबार में मात्रा के लिहाज से मजबूत वृद्धि दर्ज की है। इसकी शानदार वृद्धि में सॉफ्ट ड्रिंक पोर्टफोलियो और फ्रूट ड्रिंक ब्रांड माजा का योगदान रहा है।




**10. भारतीय दंड संहिता की धारा 295A किससे संबंधित है ?**

(A) युद्ध अपराध (B) प्रत्यर्पण

(C) राजद्रोह (D) धार्मिक अपराध

**(D)** भारतीय दंड संहिता की धारा 295A जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के लिए दंड को परिभाषित और निर्धारित करती है जिसका उद्देश्य किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं, उसके धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करना है। यह धार्मिक अपराधों को दंडित करने के लिए IPC के मुख्य प्रावधानों में से एक है।

